<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 05.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- झारखंड में शराब घोटाले की जांच कर रही एसीबी का खुलासा– प्रिज्म होलोग्राफी के प्रबंध निदेशक विधु गुप्ता ने झारखंड में नकली होलोग्राम की आपूर्ति के लिए अधिकारियों को करोड़ों रूपये कमीशन दी।
- राज्य सरकार श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा करायेगी उपलब्ध, स्वास्थ्य विभाग संपूर्ण मेला क्षेत्र में स्थायी और अस्थायी स्वास्थ्य शिविरों का करेगा संचालन।
- एनटीए की ओर से आयोजित सीयूईटी परीक्षा का परिणाम घोषित, रांची के शुभान शर्मा को तीन विषयों में मिला 100 पर्सेंटाइल।
- रामगढ़ में सीसीएल के कर्मा प्रोजेक्ट में अवैध उत्खनन के दौरान चाल धंसने से उसमें दबकर चार लोगों की मौत, अब भी कई लोगों के दबने की आशंका।
- मौसम विभाग ने कल गुमला, सिमडेगा, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम में भारी बारिश का जताया पूर्वानुमान, रांची में भी अच्छी बारिश के संकेत।

<u>*****************</u>

झारखंड में शराब घोटाले की जांच कर रही एसीबी ने खुलासा किया कि प्रिज्म होलोग्राफी के प्रबंध निदेशक विधु गुप्ता ने झारखंड में नकली होलोग्राम की आपूर्ति के लिए करोड़ों रूपये कमीशन के रूप में दी। एसीबी ने विधु गुप्ता और उनके सहयोगियों के बारे में ठोस साक्ष्य जुटाना शुरू कर दिया है। एसीबी ने यह भी खुलासा किया है कि छत्तीसगढ़ के तत्कालीन उत्पाद सचिव अरूणपति त्रिपाठी और कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया ने विधु गुप्ता की झारखंड में शराब के धंधे में शामिल कराया।

<u>*****************</u>

राज्य सरकार जमीन हस्तांतरण में अनियमतता बरतने के आरोप में राज्य प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों पर कार्रवाई करेगी। जिन अफसरों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलेगी उनमें हजारीबाग के तत्कालीन जिला भू–अर्जन पदाधिकारी सतीश चंद्र, हजारीबाग बरही के तत्कालीन अंचल अधिकारी विवेक कुमार मेहता और एक अन्य तत्कालीन अंचल अधिकारी संजय कुमार सिंह शामिल हैं।

<u>*****************</u>

राज्य सरकार श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया करायेगी। स्वास्थ्य विभाग संपूर्ण मेला क्षेत्र में स्थायी और अस्थायी स्वास्थ्य शिविर का संचालन करेगा। देवघर जिले के सिविल सर्जन डॉ युगल किशोर चौधरी ने बताया कि श्रावणी मेला के सफल संचालन के लिए अलग–अलग प्रभारी भी नियुक्त किये गये हैं।

<u>*****************</u>

पूर्वी सिंहभूम जिले के कदमा स्थित एडीएल सोसाइटी स्कूल में केंद्र सरकार की ओर से छात्रों को विज्ञान प्रदर्शनी के लिए प्रदान की गयी राशि के गबन का मामला आया है। छात्रों और अभिभावकों की शिकायत पर पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जांच के आदेश दिए हैं। विद्यार्थियों ने बताया कि योजना के तहत नामित छात्रों को प्रोजेक्ट निर्माण के लिए 10 हजार रुपये दिए जाते हैं, लेकिन उन्हें 1500 से 2000 रुपये ही प्रोजेक्ट निर्माण के लिए दिया जाता है।

<u>*****************</u>

रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड क्षेत्र के कुजू ओपी के महुआ टुंगरी में सीसीएल के कर्मा प्रोजेक्ट में अवैध उत्खनन के दौरान बीती रात चाल धंसने से उसमें आठ से दस लोग दब गये, जिसमें चार लोगों का शव बरामद किया गया। इस घटना में मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना है। ये सभी अवैध उत्खनन कर रहे थे। जिन मृतकों के शव बरामद किये गये हैं, उनमें वकील करमाली, सुगिया करमाली, मो इम्तियाज उर्फ लालू और निर्मल मुंडा शामिल है।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*****************

एनटीए की ओर से आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट– सीयूईटी 2025 के परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस परीक्षा में झारखंड के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया गया है। रांची के शुभान शर्मा ने तीन विषयों में 100 पर्सेंटाइल हासिल किया है। इस परीक्षा में लुधियाना की अनन्या जैन टॉपर हैं।

*****************

राज्य में मुहर्रम जुलूस के दौरान बिजली आपूर्ति बंद नहीं होगी। झारखंड बिजली वितरण निगम ने मुहर्रम जुलूस के आयोजकों और जनता से सतर्क रहने और नियमों का पालन करने का आग्रह किया है। इधर विधि–व्यवस्था बनाये रखने के लिए हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निषेधाज्ञा लागू की गयी है।

वहीं धनबाद में मुहर्रम को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिले को कतरास, धनबाद, चिरकुंडा, तोपचांची, झरिया, गोविंदपुर एवं टुंडी जोन में बांटा गया है। सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

*****************

सिमडेगा जिले में खेलों को बढ़ावा देने और ग्रामीण युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से गांवों में सिदो –कान्हू युवा खेल क्लब की शुरुआत की जा रही है।

*****************

कोडरमा के झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र के तिलैया बस्ती में प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक तीन के तहत किफायती फ्लैट का निर्माण किया गया है। अस्सी किफायती फ्लैट में 50 फ्लैट की बुकिंग पूरी हो चुकी है, जबकि 30 परिवार गृह प्रवेश कर रहने भी लगे हैं। लाभुकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।

बता दें कि 320 स्क्वायर फीट में बने वन बीएचके फ्लैट की कुल लागत 5 लाख 62 हजार रूपये है, लेकिन लाभुकों को केवल 3 लाख 12 हजार रुपये ही जमा कराने पड़े। उसके लिए भी लाभुकों को बैंक से आसान किस्तों में ऋण उपलब्ध कराया गया।

*****************

- मेदिनीनगर–पांकी मुख्य सड़क पर सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।
- धनबाद जिले के राजगंज के डोमनपुर में जीटी रोड पर आज सुबह सडक दुर्घटना में धनबाद के दो व्यवसायियों के पुत्रों की मौत हो गई। घटना को लेकर धनबाद के व्यवसाय जगत में शोक की लहर है।

*****************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत नब्बे हजार तीन सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत प्रति किलो एक लाख 13 हजार रूपये है।

*****************

मौसम विभाग ने छह जुलाई को गुमला, सिमडेगा, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम में भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। विभाग ने इसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है जबकि रांची, लोहरदगा, सरायकेला–खरसावां और पूर्वी सिंहभूम जिले में भी अच्छी बारिश की संभावना जतायी है। इन जिलों के लिए येले अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार 10 जुलाई तक अलग–अलग हिस्सों में बारिश की संभावना बनी रहेगी।

*****************

दो दिवसीय राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रांची जिले की टीम ने रामगढ़ में आयोजित प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया। रांची जिले को कुल 8 स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक मिला। रांची जिला किक बॉक्सिंग के अध्यक्ष विनय सिन्हा दीपू ने सभी खिलाड़ियों और कोच को बधाई दी है।

इधर 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप 2025 के तीसरे दिन आज शाम चार बजकर 30 मिनट से उत्तराखंड और दादर–नागर हवेली एंड दमन–दिउ टीम के बीच मैच खेला जायेगा।

****************